बरेली, सोमवार
9 जून, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO : II MIDDLE

# नृत्यांकुर में भरतनाट्यम के गुरु व विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति



एसआरएमएस रिद्धिमा में नृत्यांकुर में भरतनाट्यम प्रस्तुत करतीं छात्राएं • सौ. एसआरएमएस

जासं, बरेली : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम नृत्यांकुर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें भरतनाट्यम के गुरुओं और विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आरंभ भरतनाट्यम के विद्यार्थी चिरन्य, मायरा, पर्वा, वंदगी, तनिशी, भव्या, स्वान्वी, वान्वी, आद्या, अनंशी और अंबिका ने सरस्वती वंदना पर अपने प्रदर्शन से किया। इसके बाद गणेश वंदना, हनुमान चालीसा, चंद्र चूड़ा, राजेश्वरी और शिव स्तोत्र पर कथक के विद्यार्थियों ने अपने भाव प्रदर्शित किए। भरतनाट्यम गुरु रौबिन ए और तनया भट्टाचार्य ने तुंग तरंगे गंगे और देवी दुर्गा को समर्पित शक्ति को अपने भावों से प्रदर्शित कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डा. एमएस बुटोला, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा. शैलेश सक्सेना, डा. पीके परहल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।